तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 29 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



15 सिहावा में 200 साल से अधिक समय से निकल रही जगन्नाथ...





16 स्कूल में शिक्षकों की कमी को देखते हुए पालकों में आक्रोश












## खबर संक्षेप

### पर्यावरण बचाने साइकिल यात्रा 5 व 6 जुलाई को

**धमतरी।** पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत साइकिल यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। इस यात्रा में जिले के लगभग 150 युवाओं द्वारा साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। साइकिल यात्रा 5 और 6 जुलाई को होगी। यात्रा दोपहर 12 बजे मां विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होगी।

### आदिवासी गोंड समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा में 29 जून को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील कुरुद का वार्षिक सम्मेलन रखा गया है। जिसमें प्रदेश के आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही कुरूद विधायक अजय चंद्राकर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, विकास मरकाम अध्यक्ष औषधि पादप बोर्ड और आरएन ध्रुव अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ छग अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे ध्रुव गोड़ सामुदायिक भवन पंचायत परिसर कुहकुहा में प्रारंभ होगा। आयोजन में माधव सिंह ठाकुर, झागेश्वर ध्रुव, बसंत पडोटी, देवेंद्र दीवान, रूपेश निर्मलकर, जयपाल ठाकुर, नारायण ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, ठाकुरराम नेताम, कुलंजनसिंह मंडावी, लाकेश्वर नेताम, ईश्वरी नेताम, राजकुमारी छेदैया, गायत्री मंडावी, किरण छेदैया, श्यामलाल नेताम और पोखराज नेताम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष ललित ठाकुर, कार्यवाहक अध्यक्ष तेजराम छेदैया ने सामाजिक बंधुओं से सम्मेलन में उपस्थिति की अपील की है।

एफएलडी मुक्त भारत बनाने की तैयारी, जिले में पांचवें चरण का टीकाकरण कम्पलीट

# जल्द ही विदेशों में निर्यात होंगे देसी नस्ल के मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एफएलडी के कारण भारत की उन्नत नस्ल के मवेशियों को भी विदेशों में रिस्पांस नहीं मिल रहा है, न ही दूध का निर्यात हो पा रहा है, इससे पशुपालकों को नुकसान हो रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए एफएलडी मुक्त भारत बनाने की तैयारी चल रही है। जिले में हाल ही में पांचवे चरण का टीकाकरण कम्पलीट किया गया। छह माह बाद फिर से टीकाकरण किया जाएगा।

एफएमडी यानि फुट एंड माउथ डिसीज पशुओं में गंभीर बीमारी है, जिसे हम खुरहा चपका के नाम से जानते हैं। यह विषाणु जनित बीमारी है, जिसमें मवेशियों के पैरों और मुंह में घाव हो जाता है। तेज बुखार भी आता है। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ एमएस बघेल ने बताया कि विषाणु जनित बीमारी होने के कारण एक समय के बाद यह ठीक हो जाती है। इसमें छोटे जानवरों की मौत की आशंका रहती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के चलते पशुओं की क्षमता काफी प्रभावित होती है। दूध देने वाली गायों का दूध कम हो जाता है। वही कृषि कार्य करने वाले जानवरों की शक्ति भी कम हो जाती है। वे जल्दी थकने लगते हैं। इसी बीमारी के



चलते उन्नत नस्ल के मवेशी को भी विदेशों में रिस्पांस नहीं मिल पा रहा है। बीमारी की आशंका देखते हुए भारतीय नस्ल को विदेशों में पसंद नहीं किया जाता है। इसके अतिरिक्त देश का दूध विदेशों में भी निर्यात नहीं हो पा रहा है। भारत सरकार ने इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए अभियान छेड़ दिया है। 2030 तक पूरे देश को एफएमडी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिले में युद्धस्तर पर मवेशियों का टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। हर 6 माह में मवेशियों को एफएमडी का टीका लगाया जाता है। अब तक टीकाकरण के पांच चरण हो चुके हैं। हाल ही पांचवें चरण का टीकाकरण कम्पलीट हुआ, जिसमें 1 लाख 88 हजार से ज्यादा मवेशियों का टीकाकरण किया गया।

### छह माह बाद फिर टीकाकरण

टीकाकरण के चौथे चरण में में 2 लाख 13 हजार मवेशियों का टीकाकरण किया गया है। पांचवें चरण में इसकी संख्या कुछ कम हो गई। अब छह माह बाद फिर से टीकाकरण किया जाएगा, जिसमें सभी मवेशियों को कवर किया जाना है। यह वैक्सीन चार माह से ज्यादा उम्र के मवेशियों को लगाया जाता है। इस कारण हर बार 80 प्रतिशत के करीब मवेशियों का टीकाकरण होता है। डॉ बघेल ने बताया कि टीकाकरण के असर से यह संक्रमण काफी कम हो गया है। पहले काफी संख्या में मवेशी इसकी चपेट में आते थे। संक्रामक बीमारी होने के कारण पूरे गांव में इसका असर दिखता था लेकिन अब काफी कम संख्या में इस बीमारी से मवेशी ग्रस्त हो रहे हैं। आने वाले दिनों में इस बीमारी का नामो निशान मिट जाएगा।

# शहर के करीब जंगल में सिंगल हाथी का विचरण



लीलर से लगे वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक 160, 159 में लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के समीपस्थ जंगल में एक दंतैल का विचरण हो रहा है। शनिवार शाम को इसका लोकेशन लीलर से लगे वन क्षेत्र में था। वनविभाग ने दर्जनभर गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को अलर्ट किया है।

उल्लेखनीय है कि 30 अप्रैल को चंदा हाथी दल के दो दंतैल बालोद क्षेत्र के जंगल की ओर कूच करने के करीब दो माह बाद 22 जून को सिकासेर हाथीदल का एक हाथी का आमद जिले के जंगल में हुआ है। यह सिंगल हाथी उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र, केरेगांव और धमतरी परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है। डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि शनिवार दोपहर को मथुराडीह, छूही परिसर में देखा गया। शाम 7 बजे के करीब यह हाथी ग्राम लीलर से लगे हुए वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक पीएफ 160 में विचरण कर रहा था। ग्राम लीलर, बागोडार, भंवरमरा, लसुनवाही, रामपुर, फूटहामुड़ा के गांव में मुनादी कर लोगों को अलर्ट किया गया है। ग्रामीणों को जंगल में जाने से मना किया गया है। मोटरसायकल वालों को रात में जंगल के रास्ते का उपयोग नहीं करने तथा हाथी की सूचना एक दूसरे तथा वन विभाग को देने के साथ सतर्क रहने का कहा गया है।

## घर में मृत मिला युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बंद घर से दुर्गन्ध आने पर खोलकर देखा गया तो युवक मृत हालत में पड़ा पाया गया है।

पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भोयना निवासी उमेश ध्रुव पिता ठाकुरराम उम्र 40 वर्ष ट्रक चलाने का काम करता था। युवक शराब सेवन का आदी था। शराब पीने के आदत के कारण उसकी पत्नी व बच्चे उसे छोड़कर चले गये थे। युवक घर में अकेला रहता था। लगभग दो-तीन दिन से युवक का घर बंद पड़ा था। शुक्रवार की शाम उसके घर से दुर्गन्ध आने पर परिजनों व आसपास के लोगों ने देखने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा भीतर से बंद था। किसी तरह भीतर झांकने पर युवक जमीन में मृत पड़ा दिखा। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां शनिवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आशंका जताई जा रही कि नशे की हालत में युवक और शराब पीने के लिए जमीन पर बैठे-बैठे गिर गया होगा जिससे उसकी मौत हो गई होगी।






6 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ चातुर्मास होगा आरंभ

# सप्ताह भर बाद मांगलिक कार्यों पर लग जाएगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इस साल 6 जुलाई को रविवार के दिन यह तिथि पड़ेगी। मान्यता है कि इसी दिन से सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा के लिए क्षीरसागर चले जाते हैं। देवशयनी एकादशी से चातुर्मास का आरंभ होता है, जो जप तप व्रत साधना और भक्ति के लिए श्रेष्ठ माना जाता है।

विप्र परिषद के पदाधिकारी पं.राजकुमार तिवारी बताते हैं कि देवशयनी एकादशी के बाद भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने के बाद सृष्टि की कमान भगवान भोलेनाथ के हाथों में आ जाती है। भगवान भोलेनाथ का प्रिय महीना सावन भी इसी दौरान आता है। इस बार चातुर्मास 6 जुलाई 2025 से शुरु होकर 2 नवंबर 2025 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक सृष्टि के पालनहार योगनिद्रा में होते है। उनकी अनुपस्थिति में कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता है। इसी वजह से मांगलिक कार्य जैसे शादी, गृहप्रवेश, मुंडन इस समय में टाल दिये जाते है। भगवान के योगनिद्रा के समय में अध्यात्मिक साधना, संयम और आत्मिक उन्नति के कार्य किए जाते हैं। इस समय में भागवत सुनना, सांधु-संतों के प्रवचन सुनना और उनके सानिध्य में रहने का अवसर तलाशना चाहिए।



योगनिद्रा में चले जाएंगे श्रीहरि, सृष्टि का कमान संभालेंगे भोलेनाथ

### चातुर्मास में पड़ेंगे ये व्रत और त्यौहार

चातुर्मास में 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा, 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 15-16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी, 26 अगस्त को तीज पर्व, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि, 2 अक्टूबर को दशहरा, 20 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान प्रादेशिक त्यौहार हरेली, पोला भी मनेगा।

### खानपान में भी संयम रखना चाहिए

पं. कमलेश शास्त्री बताते है कि चातुर्मास के दौरान कई बड़े व्रत और त्यौहार आते हैं। इस समय में खानपान का विशेष ध्यान देना चाहिए। मांस-मदिरा, प्याज-लहसुन, बैंगन, मूली, दूध-दही का सेवन नहीं करना चाहिए। इसका धार्मिक कारण के साथ मौसमी वजह भी है। बारिश का मौसम शुरु होने के साथ दूध-दही एवं मसालेदार भोजन को शरीर पचाने में अक्षम हो जाता है। साथ ही हरी सब्जियों में कीड़े लगते हैं, इसलिए इन चीजों को न खाने की सलाह दी जाती है।

### राजनांदगांव की टीम ने दी आकर्षक झांकी की प्रस्तुति

# रथयात्रा पर बिखरी अद्भुत धार्मिक छंटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी में जगन्नाथ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गांधी चौक राजाबाड़ा में स्थित दंतेश्वरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना पंडित ठकुरीधर शर्मा के करकमलों से मंत्रोच्चार के साथ हुई। तत्पश्चात दोपहर 2:00 बजे से रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर गांधी चौक राजा बड़ा में समाप्त हुई। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की चुस्त दुरूस्त व्यवस्था थी। विद्युत मंडल का सहयोग भी प्रशंसनीय रहा। नगर व्यवस्था समिति, श्री राम नव युवक परिषद, नई बस्ती सेवा दल, पुरानी बस्ती सेवा दल सहित समस्त रामायण मंडलियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा नगरवासियों ने इस भव्य आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई। रास्ते भर गजामूंग प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर राजनांदगांव की ख्याति प्राप्त झांकी टीम ने आकर्षक प्रस्तुति देकर लोगों को भावविभोर कर दिया। इस कार्यक्रम में समा बांधने वाली 15 सदस्यीय इस टीम ने अनेक धार्मिक विधाओं पर प्रस्तुति देकर लोगों को रोमांचित कर दिया। नगर में अद्भुत धार्मिक छंटा बिखरी। श्रद्धालुगण रथ की रस्सी खींचकर अपने को धन्य महसूस कर रहे थे। भक्तजन चौक चौराहों पर रथ के पहुंचते ही अपने को झूमने से नहीं रोक सके। नगर व्यवस्था समिति द्वारा प्रतिवर्ष ख्यातिप्राप्त धार्मिक मण्डलियों को आमंत्रित किया जाता है जो रथयात्रा के प्रमुख आकर्षण हुआ करते हैं।

इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष






विकास बोहरा, पार्षद गण, नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहु, सचिव प्रदीप जैन, सहसचिव अशोक पटेल, सुरेश साहू, नरेन्द्र नाग, उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल सरपा, हेमलाल सेन, हरीश सार्वा, धरम निषाद, पूर्व अध्यक्ष ललित शर्मा, सलाहकार बृजलाल सार्वा, मीडिया प्रभारी दीपेश निषाद, श्रीराम नव युवक परिषद के सचिव नरेश छेदैहा, कोषाध्यक्ष भरत साहू, उपाध्यक्ष रोहित नाग, सहसचिव महेन्द्र साहू ,शंभू कश्यप, पुरानी बस्ती सेवा दल अध्यक्ष खिजन भोयर, नई बस्ती सेवा दल अध्यक्ष अश्वनी यादव सहित हृदय नाग, मोहन सोनी, दुर्गेश नंदन शर्मा, इतवारी नेताम, झाड़ू राम यादव, परसादी राम चंद्रवंशी, तुलाराम गौर, नवल सोम, मनीराम साहू, कार्तिक पटेल, देवेंद्र साहू, मनीराम साहू, सुरेश चनाप, शैलेन्द्र लाहोरिया, होरी लाल पटेल, उत्तम गौर, गेंदलाल पटेल, गौर सर, रामलाल श्रीमाली, नरेन्द्र श्रीमाली प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### रथयात्रा का धार्मिक महत्व

विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथयात्रा भारत की आस्था श्रद्धा और भक्ति का वह पुण्य पर्व है जो सदियों से एक विरासत के तौर पर हमारे बीच है। यह दिन खास इसलिए भी होता है।क्योंकि आमतौर पर भगवान जगन्नाथ गर्भ गृह में विराजमान रहते हैं और केवल इसी दिन वे मंदिर से बाहर निकलते हैं। भक्तजन भगवान के रथ को खींचते हैं जिसे अत्यंत पुण्य कार्य माना जाता है। मान्यता है कि रथ खींचने से व्यक्ति के सभी पाप मिट जाते हैं। और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# सिर्री के प्राथमिक, मिडिल स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला सिर्री में 24 जून को नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर, मुंह मीठा कराया गया। साथ ही पुस्तक व गणवेश वितरण कर प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक शाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री रहे। अध्यक्षता तुलाराम साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पटेल सालिक राम साहू, सौहेन्द्र सिंह गुरुदत्ता, गुल्फीराम साहू, मेंघुराम देवांगन, भारत देवांगन, रुखमणी देवांगन अध्यक्ष शाला विकास समिति, शोभाराम पटेल शामिल हुए। मौके पर रामेश्वर प्रसाद सिन्हा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को मन लगाकर



पढ़ाई करने की बात कही। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही बच्चे अपना भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। अनुशासन, शिक्षा और संस्कार को विद्यार्थी को अपने जीवन में अपना लेना चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रधानपाठक गिरवर लाल साहू ने किया। श्री साहू ने बताया कि कक्षा 6 वी, 7 वीं, 8 वी में कुल दर्ज संख्या 95 हैं। जिसमें कि 2 शिक्षक और 1 प्रधानपाठक है। आगे उन्होंने बताया कि अंग्रेजी विषय के शिक्षक की कमी है जिससे कि बच्चों को पढ़ाई में बाधा आ रही है। उन्होंने अतिरिक्त शिक्षक की मांग रखी।

इस अवसर पर हाईस्कूल सिर्री के प्राचार्य सरोज कुमार साहू, शिक्षक रवि शंकर साहू, पीके साहू, पुष्पा कुर्रे, अनिता साहू, भृत्य धनेश कंडरा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## करैहा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**नगरी।** शासकीय हाई स्कूल, माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला करैहा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा 6वीं एवं 9मीं के नवप्रवेशी बच्चों का अतिथियों ने तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच राधेश्याम नेताम ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होता है इसलिए विद्या अर्जन करने के साथ ही नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों के विकास पर फोकस करना चाहिए। विशेषकर वर्तमान में व्याप्त व्यसन की बुराईयों से मुक्त रहने की जरूरत है। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक शाला गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पीआर मंडावी, प्रधानपाठक तुषण इंदौरिया, शाहिल नायक, ललित साहू, शारदा पाटिल व वार्डपंच तोरण मंडावी, पुर्णिमा नेताम, संतोषी ठाकुर, ममता यादव, पुनाराम साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब ने डॉ. सुरेन्द्र दुबे को दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रेस क्लब धमतरी द्वारा हास्य कवि एवं पदमश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को प्रेस क्लब भवन में श्रद्धांजलि दी गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि हास्य कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे का जाना छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश-विदेश तक पहुंचाया। उन्होंने अपनी कविता से समाज को आईना भी दिखाया। उपाध्यक्ष उमेश सिंह बशिष्ट ने कहा कि डॉ. सुरेंद्र दुबे को धमतरी से बेहद लगाव था। जब जब उन्हें यहां आने का अवसर मिला वे आए और अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों को खूब गुदगुदाए और अपनी अमिट छाप छोड़ जाते थे। ऐसे कवि का जाना छत्तीसगढ़ के लिए वाकई बड़ी क्षति है। महासचिव विक्रांत शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। पश्चात क्लब द्वारा पदमश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश पांडे, सचिव राज सोनवानी, कोषाध्यक्ष नरेश श्रोती, संगठन सचिव सत्येंद्र शर्मा, सहसचिव संतोष सोनकर, पवन तिवारी, पवन साहू सहित अन्य सदस्य के अलावा देवेंद्र, युवराज मिश्रा, लोकेश करैत सहित अन्य मौजूद थे।

# गायत्री परिवार ने चलाया नशा मुक्ति जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 1 जून से 26 जून 2025 के अंतर्गत गायत्री परिवार धमतरी द्वारा रिसाई पारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में एक विचार गोष्ठी एवं सार्वजनिक जगह पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिसाई पारा वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद मेघराज ठाकुर ने कहा कि नशा मुक्त समाज निर्माण का कार्य अपने घर परिवार से प्रारंभ करना चाहिए। नशा पान एक सामाजिक बुराई है और गंभीर चिंतन का विषय है कि इसे कैसे दूर किया जा सके। आज अधिकांश युवा नशे की चपेट में हैं।

अध्यक्षता कर रही श्रीमती खिलेश्वरी किरण प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ धमतरी एवं जिला महिला प्रमुख ने कहा कि नशा पान जैसे सामाजिक बुराई को दृढ़ इच्छा शक्ति से समाप्त किया जा सकता है। बार बार प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि युवा पीढ़ी जो घर परिवार, समाज और देश के भविष्य है अगर उन्हें नशे से बचाना है तो नशा मुक्त समाज की स्थापना करनी ही होगी। हमें कम से




कम एक व्यक्ति को नशा छोड़ने के लिए अवश्य प्रेरित करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रबंध ट्रस्टी हरषद मेहता ने नशा मुक्त समाज एवं परिवार का निर्माण आज़ की आवश्यकता है। नव निर्वाचित पार्षद मेघराज ठाकुर का गायत्री परिवार की ओर से शाल, श्रीफल एवं साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। उन्होंने अपने पार्षद निधि से शक्तिपीठ को 100 नग कुर्सी प्रदान करने की घोषणा की है। प्रसिद्ध रंगकर्मी आकाश गिरी गोस्वामी का भी शाल, श्रीफल एवं साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में रिसाई पारा में जागरूकता रैली निकाली गई जो नारा लगाते हुए रत्नाबांधा चौंक पहुंचकर समाप्त हुई। जहां पर इस अंचल के प्रसिद्ध रंगकर्मी आकाश गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में उसके दल के सदस्यों के साथ प्रभाव शाली नुक्कड़ नाटक सार्वजनिक जगह पर प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को नशा पान से होने वाली नुकसान के बारे जानकारी दिया गया। नाटक की प्रस्तुति को लोगों ने बहुत सराहा। उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त समाज की स्थापना करने हेतु संकल्प कराया गया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन वरिष्ठ परिजन राजकुमार साहू ने एवं आभार प्रदर्शन ट्रस्टी शेखन साहू ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर, वरिष्ठ परिजन डॉ रामचंद्र मेश्राम, प्रदीप देवांगन, लक्ष्मण यादव, कौशल साहू, दिलीप पटेल, माखन साहू, मकसूदन मेश्राम, लाला राम मगेन्द, ट्रस्टी गण नेतराम सिन्हा, पुरषोत्तम निर्मलकर, श्रीमती यशोदा साहू, शकुन कश्यप, सुशीला छाटा, सावित्री पटेल, लक्ष्मी साहू, प्रमिला साहू, गीता साहू, प्रतिभा चन्द्राकर, रेखा सिंह, सरिता सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, हेमलता सिन्हा, भगवान सिंह रायपुरिया, रुप सिंह सहित अन्य परिजन उपस्थित थे।

## शासकीय माध्यमिक शाला गागरा में बाल केबिनेट का गठन



**धमतरी।** 28 जून को माध्य. शा. गागरा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया जिसमें बच्चों के बीच चुनाव प्रकिया से पदाधिकारियों का चयन किया गया। शाला नायक कक्षा 8वी की छात्रा कु करुणा साहू, उपशालानायक भावेश कुमार ढीमर को चुना गया। वेदराम स्वच्छता प्रभारी, थामेश्वरी खेलकूद प्रभारी,नेहा साहू सांस्कृतिक प्रभारी, भिनेश्वरी रेडक्रास प्रभारी,चांदनी बागवानी प्रभारी, पुस्तकालय प्रभारी सर्वसम्मति से चुना गया। विद्यालय के प्रधानपाठिका द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कार्य से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक शीतल नायक, सुनंदा तारम एवं सोहनलाल साहू उपस्थित थे।

# विद्यालय में एसएमडीसी की त्रैमासिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय खल्लारी में बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 की विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (SMDC) की प्रथम त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मानिक नेताम द्वारा की गई, जिसमें समिति के सदस्यगण, पालक एवं पंचायत प्रतिनिधिगण, संकुल प्राचार्य श्रीमती प्रतिमा ध्रुव, वरिष्ठ मार्गदर्शक व्याख्याता राजेश तिवारी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की गई



एवं नवप्रवेशी बच्चों हेतु पालक-संपर्क अभियान की विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पोषण पटेल, अतिथि व्याख्याता द्वारा मंच संचालन करते हुए बिंदुवार चर्चा प्रस्तुत की गई।

प्रशिक्षित विषय शिक्षकों की कमी के कारण शिक्षण-अध्ययन में आ रही बाधाओं पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी सत्र हेतु अतिरिक्त तीन विषय शिक्षकों एवं एक प्राचार्य की आवश्यकता को शीघ्र शासन तक पहुंचाया जाए। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की भौतिक समस्याओं जैसे शौचालय, पेयजल व्यवस्था, बिजली कनेक्शन (सौर ऊर्जा प्रणाली) की अनुपलब्धता पर भी गहन विचार किया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा शीघ्र समाधान हेतु पंचायत और जिला प्रशासन से संपर्क के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। पर्यावरण सुरक्षा के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम पहल की रूपरेखा रखी गई, जिसमें सभी समिति सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण की समीक्षा के साथ-साथ पालक-शिक्षक संवाद को मजबूत करने के लिए सुझाव एकत्र किए गए एवं आगामी तीन माह की विद्यालयीय योजना की रूपरेखा बनाई गई।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से की थी मांग

# कुरुद को जल्द मिलेगा नगर पालिका का दर्जा, कवायद शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ में नगर पालिका परिषद की संख्या बढ़ने वाली है। कुरुद नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद बनाने की तैयारी शुरू हो गई। मंत्रालय के अधिकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के बाद इस दिशा में कवायद शुरू कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ राजपत्र से जारी अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत कुरुद की सीमाएं ही नगर पालिका की सीमा होगी।

गौरतलब हो कि कुरूद को नगर पालिका का दर्जा यह सिर्फ एक प्रशासनिक निर्णय नहीं बल्कि कुरूद की वर्षों की उम्मीदों की पूर्ति है। जो कि पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक अजय चंद्राकर के दूरदृष्टि, समर्पण और सतत प्रयासों के बिना संभव नहीं हो सकता था। 2011 की जनगणना अनुसार 13783 जनसंख्या वाली इस नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा मिल जाने से एक ओर जहां जनसुविधाओं में वृद्धि होगी वहीं विकास कार्यो के लिए अधिक बजट भी मिलेगा। जो कि नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानू चन्द्राकर की अगुवाई वाली परिषद के लिए यह अब तक की सबसे बड़ी सौगात होगी। अब कुरूद को नई पहचान, अधिक अधिकार के साथ विकास की नई उड़ान भरने का अवसर मिलेगा।

### पालिका बनाने छत्तीसगढ़ राजपत्र से अधिसूचना जारी

मिली जनकारी अनुसार नपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने विगत 5-6 मई को रायपुर में आयोजित एक कार्यशाला में उन्होंने सीएम एवं डिप्टी सीएम को परिषद के द्वारा सर्वसम्मति से पारित संकल्प पत्र जिसमें कुरुद को नगर पालिका बनाने के लिए जरूरी मापदंड के प्रमाणित दस्तावेजों से सजी फाइल सौंप दर्जा बढाने का निवेदन किया था। नपं अध्यक्ष के तर्क और जरुरी कागज का पुलिंदा देख सरकार के दोनों प्रमुखों ने जल्द ही कुरुद को नगर पालिका का दर्जा देने का भरोसा दिलाया था। सीएम के आश्वासन के बाद नगरीय प्रशासन विभाग और सीएम सचिवालय में इस संबंध में नोटशीट चलाकर अधिसूचना जारी कर दी है। अब आगामी 21 दिवस के भीतर प्राधिकारी या व्यक्ति द्वारा आवश्यक सुझाव या आपत्ति मांगी गई है। जिसके बाद आगामी अगस्त माह में नगर पंचायत कुरुद को पूर्ण रूपेण नगर पालिका का दर्जा मिलने की पूरी उम्मीद की जा रही है।

## नारी में रथ यात्रा पर गजामूंग बंटे



**सिर्री।** ग्राम नारी के ग्रामीणों द्वारा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। पूरे गांव की गलियों में भ्रमण किया गया। भक्तों ने भगवान को प्रणाम कर प्रसादी ग्रहण किया।

## सिवनीकला में निकली जगन्नाथ रथयात्रा



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला श्रीराम किंकर मानस परिवार द्वारा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। पूरे गांव की गलियों में भ्रमण किया गया। भक्तों ने भगवान को प्रणाम कर प्रसादी ग्रहण की।

## अंचल की खबरें

### हाईस्कूल सांकरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सांकरा नागेन्द्र बोरझा, अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जन्मेजय साहू, विशेष अतिथि जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच व ग्रामसभा अध्यक्ष सती मरकाम, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी सहित वरिष्ठजन शामिल रहे। कार्यक्रम में शाला परिवार के प्रभारी प्राचार्या शांति पटेल सहित समस्त स्टाफ शामिल रहे।

### चुरियारा पारा स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव, बने अनेक व्यंजन



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला चुरियारा पारा नगरी में शाला प्रवेशोत्सव अश्वनी निषाद सभापति नगर पंचायत नगरी एवं नरेश छेदैहा विधायक प्रतिनिधि प्राथमिक शाला चुरियारा पारा नगरी के आतिथ्य एवं शाला विकास समिति उपाध्यक्ष श्रीमती पुनीता ध्रुव की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर अनेक व्यंजन भी बनाए गए थे। सभी छात्र छात्राओं को दो सेट में गणवेश वितरण किया गया। स्केनिंग के पश्चात पाठ्य पुस्तकों का वितरण अतिशीघ्र किया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव छात्रों को स्कूल से जोड़ने और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है। इस अवसर पर शिक्षिका यशवंतीन अग्रवानी, स्वयंसेवी शिक्षिका गायत्री यादव, पालकगण बिंदु कुंजाम, भुनेश्वरी निषाद, दुर्गा यादव, रूपा यादव, खोमेश्वरी गौर, धर्मिन बाई पालेश्वर, धनेश्वरी नेताम, नागेश्वरी मंडावी ,लोकेश्वर मरकाम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक दीपनारायण दुबे ने किया गया।

### फरसियां स्कूल में रासेयो स्वयंसेवकों ने पौधों में लगाया सुरक्षा घेरा



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियाँ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य नीरज सोन के मार्गदर्शन व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू, रासेयो सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल साहू, लोमश पटेल, मिलेंद्र ठाकुर के निर्देशन में स्वयंसेवकों के सहयोग से विद्यालय में रोपित पौधों को ट्री गार्ड लगा कर सुरक्षित किया गया। प्राचार्य नीरज सोन ने विद्यार्थियों को अपने गाँव के खाली जगह पर, घर पर, खेत के मेड़ में, तालाब के किनारे व सड़क के दोनों ओर अधिक से अधिक संख्या में एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधा लगाने से ही हमारी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होती बल्कि पेड़ लगाने के बाद कम से कम पाँच वर्षों तक उसकी देखभाल करना चाहिए। समय समय पर खरपतवार की निंदाई, पौधों में मिट्टी चढ़ाना व सुरक्षा घेरा लगाना बहुत आवश्यक होता है। इससे पौधे के जीवित होने की संभावना बढ़ जाती है। यह पौधे जब बड़े होते हैं तो इसे देखकर हमें सुकून मिलता है। इस तरह से प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने हेतु संकल्पित होना चाहिए। रासेयो स्वयंसेवक शिवम श्रीमाली, नूतन साहू, गगन साहू, टोमेश चिंडा, रौनक साहू, षंकर्षण साहू, दीपेश नाग, युवराज यादव, खेमराज काशिव,गजेंद्र बिसेन, पुष्कर साहू, पीयूष काशिव, भूपेश निर्मलकर, दिवाकर सिन्हा, दयानिधि साहू, सौरभ सोन, लाकेश्वर साहू, खिलावन बिसेन, गगन पटेल, कोमेन्द्र सिन्हा, जितेंद्र साहू, ने पौधों को सुरक्षित करने में अपना योगदान दिया।

## अंचल की खबरें

### लायंस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**धमतरी**। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लायन डॉ. रिपुदमन सिंह, पीएमजेएफ त्रिलोकचंद बरडिया, लायन शांति लाल शर्मा, अनिक अग्रवाल, मनोज सोनी, अभय थिटे, ज्योति लूनिया, धनंजय किरी, एसडी नानकानी, मुरली आनंदी एवं सरिता दोशी रहे। एमजेएफ लायन रजना क्षेत्रपाल ने नव पदाधिकारियों को सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सेवा, सहानुभूति और सामाजिक दायित्व की भावना ही किसी संस्था की आत्मा होती है। लायंस क्लब वर्षों से निःस्वार्थ सेवा के भाव से समाज में कार्य कर रहा है। नवपदाधिकारियों से मेरी अपेक्षा है कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता से करें। नगर निगम सदैव ऐसे सेवा संगठनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

### संकुल केन्द्र कुर्रा में खीर पुड़ी मिठाई खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव मना



**कोर्रा(भखारा)**। नवीन शिक्षा सत्र के प्रारंभ में ग्राम भोथीपार संकुल केन्द्र कुर्रा में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भोथीपार में 23 जून को संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का मुकुट पहनाकर, तिलक लगाकर, खीर-पुड़ी, मिठाई खिलाकर पाठ्य पुस्तकें एवं गणेश प्रदान कर अभिनंदन स्वागत किया गया। प्रवेश उत्सव के शुभ अवसर पर अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, भूषणलाल पटेल, गोपेश्वर साहू, महेश्वर साहू, छबिलाल पटेल, बंशीलाल पटेल, खेदनलाल पटेल, एकनाथ साहू, श्रीमती दीपा पटेल, रीना पटेल, भुवनेश्वरी पटेल, लोकेश्वरी पटेल, लोकेश पटेल, डाकेश्वरी पटेल, विशांतिन पटेल, प्रमिला साहू, नर्मदा साहू, हीराबाई पटेल, कोमीन यादव, खोमीन साहू, भेमलाल साहू, रामबगस गंगबेर, टीकाराम सिन्हा, हिरेन्द सोनबेर, सनातन साहू, सुरेन्द्र साहू, सतीशचंद्र साहू, खिलेश्वरी सेन, पूर्णिमा सिन्हा, धर्मेंद्र पटेल, धीरेंद्र साहू, दल्लू साहू, बड़ा पटेल, भैयाराम साहू, नरोत्तम पटेल, गोपेश्वर साहू, यामिनी पटेल, खिलेश्वरी यादव, भूखिन यादव, पुष्पा पटेल आदि गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### भोथली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**पुरी**। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भोथली में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 26 जून को किया गया । मुख्य अतिथि, दिलिप कुमार सेन जनपद सदस्य एवं अध्यक्षता जी.आर. सन्हरा शिक्षाविद, एनके साहू एपीसी समग्र शिक्षा के विशिष्ट अतिथ्य एवं गजाधर ढीमर, उपाध्यक्ष पी. के. साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर टीका लगाकर सम्मान किया गया और पिछले वार्षिक परीक्षा में कक्षा पहली से आठवीं तक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कम्पास बाक्स देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर एन के साहू एपीसी समग्र शिक्षा द्वारा बच्चों को बहुत ही प्रेरणा दायी उद्बोधन दिया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिलिप कुमार सेन ने कहा कि शिक्षा मानसिक बौद्धिक और राजनैतिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी पाना नहीं बल्कि एक अच्छे इंसान बनने के लिए बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम में शाला की शिक्षका सुश्री योगेश्वरी चन्द्राकर जिनका युक्तीयुक्तकरण में नवागांव ट्रांसफर हो गया उनका सम्मान कर बिदाई दी गई। इस कार्यक्रम में शाला के स्टाफ़ श्रीमती एस साहू, श्रीमती संतोषी साहू, पाल सर, बनपेला सर और श्री सिन्हा सर उपस्थित थे।

### स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार भी गढ़े जाते हैं





**जीजामगांव**। आदर्श माध्यमिक विद्यालय फुसेरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को गणवेश, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम में शामिल सरपंच श्रीमती जमुना साहू ने कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे कार्यक्रम से बच्चे जन समुदाय से जुड़ने का प्रयास करते हैं। शैक्षणिक गतिविधि में आगे बढ़ने के लिए उन्हें आंतरिक शक्ति मिलती है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार भीमो ने कहा विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार की भी पाठशाला है। शिक्षकों को नैतिकता की बातें अध्यापन के क्रम में जोड़े रखना चाहिए ताकि बच्चे शिक्षित व संस्कारवान बनें। संकुल समन्वयक गुमान सिंह साहू ने बच्चों को बताया कि शासकीय विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार साहू ने कहा कि बच्चों को विद्यालय के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उपसरपंच शेषपाल वर्मा ने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते हैं। मौके पर पंचगण शकुंतला भीमो, भूमिका साहू, प्रियंका साहू, नेमीचंद लहरी, नरेंद्र नेताम, शिक्षक वृंद डीकेश साहू, संकुल प्राचार्य नीलकमल साहू, भागवतराम मनहर, सुनील कुमार यादव, मनोज कुमार मोहले समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत साहू ने किया।

### सिहावा में चारों तरफ लोगों की भीड़ दिखाई दी

# सिहावा में 200 साल से अधिक समय से निकल रही जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भीतररास सिहावा के जगनाथ मंदिर में भगवान जगनाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र को 11 दिन से सुबह-शाम खिचड़ी का भोग चढ़ाया जा रहा है। वही एक सप्ताह तक कथा का आयोजन भी हुआ। लोगों ने बताया कि यहां रथयात्रा की परंपरा करीब 200 साल पुरानी है। मंदिर के 59 वर्षीय पुजारी पं. ईश्वर दास वैष्णव ने बताया कि सिहावा में रथयात्रा की शुरुआत 1821 में हुई थी। इसे ओडिशा के जगन्नाथपुरी से आए पंडा नाम के महाराज ने शुरू किया था। परंपरा के अनुसार, जिस रथ पर भगवान सवार होकर दर्शन देते हैं, उसे यात्रा के 15 दिन बाद खोलकर चक्के और लकड़ी को अलग कर सुरक्षित रख दिया जाता है। समिति के 26 जून तक सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। ग्रामीणों के अनुसार, पुराने मंदिर में स्थापित भगवान जगन्नाथ की मूर्ति 200 साल से अधिक पुरानी थी। 2021 में उसी स्थान पर उसे समाधि दी गई। अब बेल की लकड़ी से बनी नई मूर्ति स्थापित है, जो श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है।

समिति के सदस्य महराज ईश्वर दास वैष्णव, उपसरपंच सुनील यादव, मंशा राम गौर, हृदय बुधू राम सोम, भंडारी, हलधर शार्दुल, कनक राम शांडिल्य, तेजनाथ शांडिल्य, ख़रिभान शांडिल्य, बिरेन्द्र शांडिल्य, विक्रांत शांडिल्य, निकेश बिसेन, लवकुमार, चिंता बिसेन,संदीप शांडिल्य, गुलशन शांडिल्य के साथ बड़ी संख्या नगरी अंचल के लोग रथ की रस्सी खींचते दिखाई दिए। रथ के सामने लगे डीजे पर बड़ी संख्या में लोग नाचते दिखाई दिए।

#### जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र रथ पर विराजे

मंदिर के पुजारी ईश्वर दास वैष्णव पिछले 50 साल से पूजा कर रहे हैं। इससे पहले उनके पिता कृष्णदास वैष्णव पूजा करते थे। ईश्वर दास ने बताया कि मंदिर में जो भगवान की मूर्ति स्थापित थी, वह करीब 200 साल पुरानी थी। जुलाई 2021 में उस मूर्ति को समाधि दी गई। इसके बाद नई मूर्ति की स्थापना की गई। रथयात्रा के लिए जो रथ बना है, वह भी काफी पुराना है। उसकी समय-समय पर मरम्मत होती है। 87 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक जितेंद्र नाग, भीतररास के सरपंच रेमंत शांडिल्य ने बताया कि रथयात्रा को भव्य बनाने हर घर से सहयोग राशि ली जाती है। यह राशि यात्रा की व्यवस्था में खर्च होती है। गांव की हर गली से होकर रथ गुजरता है। यात्रा भीतररास के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होती है। यात्रा शीतला मंदिर, बस स्टैंड सिहावा होते हुए कर्णेश्वर मंदिर में जाकर समाप्त होती है।





जगन्नाथ भगवान की रथ को खींचने बड़ी संख्या लोग पहुंचे

### शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**धमतरी**। शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में शाला प्रवेश उत्सव एवं पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें जनपद सदस्य अग्रवाल साहू एवं ग्राम की सरपंच श्रीमती इंदु मोहित ध्रुव एवं जनप्रतिनिधियों पालकों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर, पाठ्य पुस्तक वितरण करके, बच्चों के हस्तछाप लेकर, मिठाई खिलाकर मुंह स्वागत किया गया। प्रबंधन समिति एवं कक्षा पहली के बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया। अग्रवाल साहू ने कहा कि जिस प्रकार किसान धान बुवाई से लेकर धान की कटाई तक जिस प्रकार फसल से जुड़ा रहता है वैसे ही पालकों को बच्चों के प्रवेश से लेकर पूरे पढ़ाई के पूर्ण होने तक शाला से जुड़े रहना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच श्रीमती इंदु मोहित ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति ध्रुव, मनीष ध्रुव, नरगिस बंजारे, तृप्ति मीनपाल, रुक्मणी, द्रौपदी ध्रुव, चंद्रमणि, फूलवती गंगासारथी, पूजा खुटे, दुर्गेश्वरी, रैमती ध्रुव, ओम कुमारी प्रेमलता मीनपाल, लता सिन्हा, रूपा सेन,लक्ष्मी ध्रुव, मिनी उईके, लता सिंह, रुक्मणी टिकेश्वरी, कंचन तुमेश्वरी, चमेली बाई हेमलता ध्रुव पार्वती ध्रुव, कांताबाई, इंद्र ध्रुव, सरस्वती बंजारे रुक्मणी यादव, तामेश्वरी सिंन्हा, कामिनी विश्वकर्मा, तामेश्वर गजेंद्र, प्यारेलाल सिन्हा, प्रधान पाठक समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

## मेनोनाइट स्कूल में प्रवेशोत्सव मना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाइट उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लाल बगीचा वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद-सभापति (विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग) श्रीमती हिमानी भागवत साहू एवं स्कूल के प्राचार्य के साथ सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। जहां हिमानी साहू ने शाला के सभी विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरण किया गया एवं शिक्षा को जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग बताया एवं विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही साथ अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने को कहा।

## भगवान जगन्नाथ सकल जगत के पालनहार है : कविता

- मराठा समाज धमतरी द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्री जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा के पावन अवसर पर यात्रा का स्वागत मराठा समाज धमतरी द्वारा हर्षो उल्लास के साथ किया गया। जैसे कि हम सब जानते हैं हिंदू धर्म में जितने भी देवी देवता हैं उनके दर्शन के लिए हम को मंदिरों में जाना पड़ता है लेकिन भगवान जगन्नाथ एक ऐसे देवता हैं जो भक्तों को दर्शन देने के लिए स्वयं रथ पर सवार होकर भक्तों के पास आते हैं। भगवान जगन्नाथ के बारे में मान्यता है कि प्रभु पंद्रह दिनों के लिए बीमार पड़ते हैं। इसका कारण शास्त्रों में बताया गया है कि एक बार उनके भक्त माधवदास जब बीमार पड़े तो स्वयं प्रभु उनके घर उपस्थित होकर उनकी सेवा करने लग गये। भक्त माधवदास ने भगवान से कहा कि प्रभु यदि आप चाहो तो एक चुटकी में मेरी बीमारी दूर कर सकते हो तो भगवान ने कहा भक्त यदि एक चुटकी में मैं तुम्हारी बीमारी दूर कर दूँ तो आगे जाकर पुनः तुम्हें यह कष्ट भोगना पड़ेगा क्योंकि मनुष्य को अपने कर्मों का फल इसी जीवन में भोगना पड़ता है। दो दिन सेवा करने के पश्चात भक्त के कष्ट को भगवान अपने ऊपर ख़ुद लेकर बीमार पड़ जाते हैं और काढ़ा का सेवन करते हैं और उसी काढ़े को भक्तों में वितरण किया जाता है जिससे कि कोई भी भक्त बीमार ना पड़े। स्वागत के इस अवसर पर मराठा समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे महिला मंडल की अध्यक्ष नीता रणसिंह, अशोक कावड़े, महेंद्र गायकवाड़, गोपाल राव रणसिंह, विनोद राव रणसिंह, रितुराज पवार, पवन जाधव, सतीश जाधव, दुष्यंत घोरपड़े, सोनिया रणसिंह, भावना घोरपड़े, स्नेहा देशमुख, वन्दना पवार, कविता पवार, प्रीति जाधव, श्रीलेखा जाधव, मीता गायकवाड़, पिंकी रणसिंह, जया रणसिंह, पल्लवी चौहान, रेखा पवार, डाली लोंढे, मयूरी पवार, दुर्गा रणसिंह, नेहा रणसिंह, संगीता जगताप, कविता ठोकने, उज्ज्वला भोसले, मनोरमा पवार, बबली निंबालकर एवं बड़ी संख्या में मराठा समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

## अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी में तालाबंदी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- विकासखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही शिक्षा विभाग की अव्यवस्था की पोल हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खुलने लगी है। नगरी विकासखंड में 338 प्राथमिक शाला और 125 माध्यमिक शालाएं संचालित हैं।

शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी का एक मामला सामने आया है। शिक्षकों की कमी के चलते अध्ययन कर रहे बच्चों के पालकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात के दौरान, शनिवार सुबह बच्चों को स्कूल न भेजने और स्कूल में तालाबंदी करने की बात कही। पालक ज्योति वैष्णव, डॉ. सुरेंद्र साहू, सेमंत पटेल, गोपी कृष्ण लाहौरिया अन्य पालकों ने बताया की पूर्व में 125 बच्चों को 4 शिक्षक पढ़ा रहे थे, युक्तियुक्तकारण के तहत दो शिक्षकों को मूल शाला में भेज दिया गया। अब 125 बच्चे 2 शिक्षकों के भरोसे अध्ययन कर रहे हैं। पालकों में इस बात को लेकर आक्रोश है और स्कूल में तालाबंदी करने की बात कह रहे हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के. आर. साहू ने बताया कि विकासखंड में प्राथमिक शाला, के 56 और माध्यमिक शाला में 50 शिक्षकों की कमी है और नए नियम अनुसार युक्तियुक्तकरण के तहत संलग्न शिक्षकों को मूल शाला वापस भेजा जा रहा है। जिसकी वजह से प्रयोग शाला के 2 शिक्षकों को उनके मूल पाठशाला भेजा गया है।

## भूसरेंगा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय माध्यमिक शाला भूसरेंगा में नए शिक्षा सत्र पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भूतपूर्व सरपंच कौशल चंद्राकार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोपाल पटेल, गजेन्द्र साहू, चमन निर्मलकर, विजय साहू पंच के आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का चंदन व तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नवप्रवेशी छात्रों को फूल माला व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

अतिथियों के द्वारा बच्चों को 2-2 सेट गणवेश, पुस्तक, चॉकलेट, पेंसिल, प्रदान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी बच्चें तन मन धन लगाकर अच्छी तरह पढ़ाई लिखाई करें। गुरुजनों के आदेश का पालन करें तथा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपने माता पिता, गांव, परिवार, समाज का नाम रोशन करें। प्रधान पाठक यू के कोसरिया ने बच्चों के वार्षिक कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। प्रवेश उत्सव के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता श्रीमती सुकारो ध्रुव के द्वारा बच्चों को खीर, पुड़ी, आचार पापड़ , न्यौता भोज के रुप में खिलाया गया। आभार प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक कुलेश्वर साहू के द्वारा व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल पटेल, गजेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष शीतल पटेल, शंभू निर्मलकर, हीरालाल साहू, शिक्षा विद जयराम निर्मलकर, चमन निर्मलकर, ठाकुर राम, शाला के शिक्षक लोमश कुमार साहू, श्रीमति यामिनी देवांगन,श्रीमति गीता केशरी दादर, देवबती ध्रुव, आरती यादव, सीता बाई साहू, दया बाई, कोमल साहू, ईश्वरी यादव आदि शामिल हुए।

## सरकारी स्कूल के 19 बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय और एकलव्य में हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



स्मार्ट टीवी से स्मार्ट स्कूल बनाने में क्रांतिकारी पहल : आधुनिक टेक्नोलॉजी स्मार्ट क्लास और शिक्षकों की समर्पण से बना बच्चों का भविष्य

एक ही सरकारी स्कूल के 19 बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय और एकलव्य में चयनित होकर रिकार्ड बना दिया है। धमतरी जिला मुख्यालय से सैकड़ों किलोमीटर दूर जिले के अंतिम छोर और कांकेर जिला से लगा हुआ एक छोटा सा ग्राम घुरावड़ के एक ही सरकारी स्कूल के बच्चों ने जो कर दिखाया है काबिले तारीफ है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा को लेकर प्रश्न खड़े करने वाले पालकों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। प्राथमिक शाला घुरावड़ शिक्षण सत्र 2024-25 में जहां करीबन 125 बच्चे अध्ययनरत थे वहां के 9 बच्चे इस वर्ष केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के लिए और 10 बच्चे एकलव्य आवासीय परिसर के लिए चयनित हुए हैं। कुछ बच्चों के पास तैयारी के लिए विशेष पुस्तक भी नहीं थे। यह कारनामा संभव हो पाया है मगरलोड ब्लॉक के भैंसमुंडी निवासी रंजीता साहू और इंकम टैक्स ऑफिसर तुमनचंद साहू की प्रेरणा से। इन्होंने जिले के विभिन्न स्कूलों में अब तक स्कूलों की जनभागीदारी समितियां और पालक समिति के सहयोग से 160 स्कूलों में स्मार्ट टीवी वितरण कर चुके हैं, जहां शिक्षक आधुनिक प्रणाली से बच्चों को अध्यापन करवाते हैं। जिनका परिणाम घुरावड़ स्कूल में आया है। 2022 से स्मार्ट क्लास की शुरुआत हुई। प्रथम वर्ष में 3 बच्चे नवोदय में चयनित हुए एक एकलव्य में, 2023 में 6 बच्चे नवोदय विद्यालय में और 1 जवाहर उत्कर्ष में चयनित हुए। 2024-25 में परिणाम बेहतर आया 9 बच्चे केंद्रीय जवाहर विद्यालय में चयनित हुए हैं और 10 बच्चे आवासीय एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित हुए हैं।

विद्यालय के प्रधानपाठक विक्रांत ठाकुर, सहायक शिक्षक पिलुराम निषाद, रूमलाल किरसान, गंगाराम बांधे जिनका कठिन परिश्रम और अहम योगदान है बच्चों को तैयार करने में। शिक्षकों ने बताया बच्चों को दोनों पाली में सुबह-शाम अतिरिक्त क्लास लेकर दो-दो घंटा बच्चों को स्मार्ट टीवी के माध्यम से अतिरिक्त शिक्षा देने का प्रयास किया गया। साथ ही अवकाश काल में भी बच्चों का क्लास लेने की वजह और पालकों का सहयोग की वजह से आज धमतरी जिला में सरकारी प्राइमरी स्कूल घुरावड़ के बच्चे उच्च विद्यालय में चयनित हुए हैं। अहम योगदान संकुल समन्वयक महेश सोरी और डाइट नगरी के व्याख्याता जोहन नेताम का भी है जो समय-समय पर विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों के साथ स्कूल के बच्चों को निरंतर मार्गदर्शन करते आ रहे हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चे गोपीचंद वट्टी, लोकमान्य शोरी, चित्रांशी नेताम, दिक्षांस पटेल, रोमिक्षा नेताम, तनिश देवांगन, मोक्ष साहू, युगांत कश्यप, हिमांशु यादव और एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयनित बच्चे भोजराज नेताम, सिदेश्वर कोर्राम, कौशल नेताम, डिकेश मंडावी, ओनेश मरकाम, भूमित मंडांवी, निशा कोर्राम, निकिता ध्रुव, सईता कोर्राम, डिकेशवरी मंडावी हैं। 26 जून को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं सह प्रतिभा के साथ उत्कृष्ट विद्यालय में चयनित बच्चों के सम्मान में एक समारोह रखा गया। चयनित बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र के साथ बकायदा फ्रूट भेंट कर शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुमनचंद साहू इनकम टैक्स इंस्पेक्टर रायपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डीके बनर्जी शाउमावि घुरावड़ थे। बतौर अतिथि जनपद सदस्य मौसमी मांडवी, सरपंच महेशराम ग्राउंड कुमार सिंह नेताम जैतपुरी खेमराज ध्रुव इतवारी राम वीरेंद्र ईश्वर लाल मंडावी राधाबाई मरकाम विधि राम तिलकराम सहित संकुल क्षेत्र के तमाम शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, सरपंच महेश राम नेताम घुरावड़, डोमार सिंह नेताम जैतपुरी, खेमराज ध्रुव, ईतवारी राम नेताम, बिरेंद्र नेताम, ईश्वर लाल मंड़ावी, राधा बाई मरकाम, बिदेराम नेताम, तिलक राम नेताम सहित संकुल क्षेत्र के तमाम शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे। अतिथियों ने जर्जर खपरैल के विद्यालय भवन स्कूल में अहाता नहीं होने से बच्चों को जंगली जानवरों का खतरा बताया।

### जीजामगांव स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

**जीजामगांव**। शासकीय प्राथमिक शाला जीजामगांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली में दाखिल बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में सरपंच देवचरण चंद्राकर, उपसरपंच होरीलाल महिलांगे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओंकार साहू व पालकगण एवं शाला के शिक्षक, रसोईया, सहायिका उपस्थित थे। सरपंच श्री चंद्राकर ने नवप्रवेशी छात्रों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश प्रदान किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी माताएं घर पर ही अपने बच्चों को गृह कार्य कराएं। प्रतिदिन अपने बच्चों को शाला भेजे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT

फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
07389095800, 09300408100

**खबर संक्षेप**

### सोमवार से वर्षा गतिविधियों में आएगी तीव्रता

**धमतरी।** कल से पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण और तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल और इससे सटे बंगाल के गंगा मैदान पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। चक्रवाती परिसंचरण समुद्रतल से 7.6 किमी की ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके प्रभाव से 48 घंटों के दौरान बंगाल की खाड़ी एवं पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। पूर्व-पश्चिम द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम बंगलादेश, पश्चिम बंगाल के गंगीय क्षेत्र पर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण से झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर-पूर्व मप्र तक समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी ऊपर मौजूद है। इसके प्रभाव से रविवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की मध्यम वर्षा हो सकती है। सोमवार से पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण तथा तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है।

### बिरझुली में शाला प्रवेश उत्सव 30 को

**मगरलोड।** ग्राम बिरझुली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 30 जून सोमवार को दोपहर 1 बजे रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीका राम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अजय ध्रुव वन सभापति जिला पंचायत धमतरी, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, कृष्ण कुमार ध्रुव सहकारिता सभापति जनपद पंचायत मगरलोड, पुष्पलता रामायण सिन्हा सरपंच बिरझुली, विशिष्ट अतिथि नरेश सिन्हा भाजपा जिला उपाध्यक्ष, रोहित मोहन साहू मंडल अध्यक्ष, विजय यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष, शत्रुघ्न साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, शुभम यदु जनपद सदस्य, यादेश्वरी साहू पूर्व सरपंच सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। शाला प्रवेश उत्सव में विशेष आकर्षण देवान मादरी नर्तक दल केकराखोली की प्रस्तुति होगी।

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चाकू जब्त

**कांकेर।** शहर के शीतला मंदिर के पास युवक के साथ दो युवको ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। मारपीट की शिकायत घायल युवक ने कांकेर थाना में किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे सिंगारभाट निवासी 27 वर्षीय विवेक भास्कर पिता स्व. सुकलू राम भास्कर ने पुलिस को बताया कि 23 जून को शाम 6 बजे अपने कार्य स्थल से अन्नापूर्णापारा होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अन्नपूर्णापारा शितला मंदिर के पास अपने दोस्त दिपेश खटवानी के आवाज देने पर उससे मिलने रूक गया। उसी दौरान शेख शोयब नामक व्यक्ति नशे की हालत में मेरे पास आकर लिफ्ट मांगने लगा। लिफ्ट नहीं देने पर पैसा मांगने लगा। पैसा नहीं देने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और हाथ मुक्का से गारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 181/2025 धारा 296, 115 (2), 351(2),बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया।

तालाबंदी कर पालकों ने की नारेबाजी

# स्कूल में शिक्षकों की कमी को देखते हुए पालकों में आक्रोश

**3 घंटे बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद ताला खोला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी








शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी हैं जहां पर नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ होते ही शिक्षा विभाग की अव्यवस्था की पोल खुलने लगी है। अभी मामला शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी का सामने आया है। शिक्षकों की कमी के चलते अध्ययन कर रहे बच्चों के पालकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात के दौरान, शनिवार सुबह बच्चों को स्कूल न भेजने और स्कूल में तालाबंदी करने की बात कही थी।

शासकीय प्रायोगिक प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगरी में छात्र-छात्राओं का दर्ज संख्या 125 है और इस समय और भी संख्या बढ़ने की संभावना है। पिछले सत्र में अभी तक व्यवस्था के तहत 4 शिक्षक इसी स्कूल में थे जिसमें से दो शिक्षकों को शिक्षक रह गये गये हैं। शिक्षकों की कमी के कारण शाला में अध्ययन अध्यापन एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा जाएगी। इस विषय पर पालकों ने नगरी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अत्यधिक दर्ज संख्या को देखते हुए कार्य मुक्त किए गए शिक्षकों को वापस इसी स्कूल में कार्य गण तत्काल उग्र आंदोलन के साथ-साथ स्कूल में तालाबंदी करने का निर्णय लेंगे। साथ ही स्कूल में कम से कम पांच टीचर होने चाहिए वहां पहले ही चार शिक्षकों के भरोसे स्कूल चल रहा था। अब इस सत्र में दो शिक्षकों को यहां से हटाकर दूसरे स्कूलों में भेज दिया गया। जिसके चलते बच्चों को सही शिक्षा नहीं मिल शिक्षक की नियुक्ति परमानेंट होनी चाहिए। उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे और स्कूल में ताला लगाकर उग्र आंदोलन करेंगे।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामलाल बोदेले, ऋषिकांत ठाकुर, प्रकाश रोहित कुमार विनय सोम संतोष प्रधान सुनीता प्रिया डॉ. सुरेंद्र साहू, सेमंत पटेल, गोपी कृष्ण लाहौरिया अन्य पालकों ने बताया कि पूर्व में 125 बच्चों को 4 शिक्षक पढ़ा रहे थे। युक्ति युक्तकारण के तहत दो शिक्षकों को मूल शाला में भेज दिया गया। अब 125 बच्चे 2 शिक्षकों के भरोसे अध्ययन कर रहे हैं। पालकों में इस बात को लेकर आक्रोश है। शनिवार को 9 बजे पालकों के द्वारा के बाहर शिक्षक गण बैठे रहे। उसके 3 घंटे के बाद तहसीलदार कुसुम प्रधान एवं नायब तहसीलदार उच्च अधिकारी देवेंद्र सूर्यवंशी बीआरसी प्रकाश साहू पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन देकर ताला खुलवाया और कहा कि कुछ दिनों के बाद शिक्षक की व्यवस्था कर दी जाएगी। स्कूलों में शिक्षक की कमी है। नगरी विकासखंड में 338 प्राथमिक शाला और 125 माध्यमिक शालाएं संचालित है। इन शालाओं में वर्तमान स्थिति यह है की प्राथमिक शाला में 56 और माध्यमिक शाला में 50 शिक्षकों की कमी है। जिसे शासन स्तर पर जल्द पूरा कराने की कोशिश की जायेगी।

**परंपरा का निर्वहन करने एसपी ने खींचा रथ**

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर में शुक्रवार को निकाली गई रथयात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गई है। रथयात्रा के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है। वहीं एसपी द्वारा परंपरा का निर्वहन करते भगवान जगन्नाथ रथ को खींचकर अगवानी की गई।

शहर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पूर्ण श्रद्धा, उत्साह एवं सौहार्द्र के वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। रथयात्रा के लिए पूरे शहर में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी। रथ के मार्ग में पड़ने वाली पतली संकरी गलियों को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही जिससे रथयात्रा में भारी भीड़ के बाद भी अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति चाकूबाजी, पाकेटमारी, मारपीट या भगदड़ की स्थिति उत्पन्न नहीं हो सकी। रथयात्रा का मार्ग संकरा होने के कारण व्यवस्था बनाना पुलिस के लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। इस पूरे मार्ग पर यातायात पुलिस व महिला बल की भी तैनाती रही है।

रथयात्रा में उमड़ी लगभग 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद आयोजन पूरी तरह से व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। वहीं आमंत्रण को स्वीकार कर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने रथयात्रा में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए रथ को खींचकर परंपरा का निर्वहन किया। रथ से भगवान जगन्नाथ की मूर्ति को श्रद्धापूर्वक उतारकर अगवानी की। रथ खींचने में एसपी के अतिरिक्त एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी भी शामिल रहे हैं।



**सुरक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक समन्वय की हुई सराहना**

पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से धार्मिक आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ है, जिसे लेकर आम नागरिकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक समन्वय की सराहना की गई। रथयात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में एसडीएम पीयूष तिवारी, डीएसपी मोनिका मरावी, डीएसपी मीना साहू, तहसीलदार सूरज बंछोर, नायब तहसीलदार जितेन्द्र डहरे, नवीन चन्द्राकर, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, अर्जुनी प्रभारी चन्द्रकांत साहू, निरीक्षक प्रमोद अमलतास, एसआई खेमराज साहू, आरके साहू, बीआर सिन्हा, रविन्द्र साहू सहित पुलिस जवानों का विशेष योगदान रहा है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने खाद-बीज की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन करने बनाया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



रासायनिक खाद एवं बीज की समस्या को लेकर कांग्रेस सहकारी समितियों के समक्ष धरना प्रदर्शन करने जा रही है। जिसके लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में प्रभारी नियुक्त किया है। जिसमें धमतरी ग्रामीण प्रभारी पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव को बनाया गया है। इसी प्रकार कुरूद पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, भखारा पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, मगरलोड जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर, नगरी जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कुकरेल पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी और बेलरगांव पूर्व विधायक लेखराम साहू को जिम्मेदारी दी गई है। शरद लोहाना ने बताया कि प्रदेश में किसान अब खरीफ फसल की बुवाई/किसानी कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। राज्य सरकार द्वारा किसानों को खाद बीज सुनिश्चित किया जाना था किंतु सहकारी समितियों में आज किसानों को खाद बीज की अनुपलब्धता से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद बीज अनुपलब्धता को लेकर किसानों को होने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिले के समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाना है। जिसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जो स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर 29 जून से 03 जुलाई तक धरना प्रदर्शन आयोजित करेंगे।

# महापौर के प्रयास से शहर को मिला एक और वैकल्पिक बायपास मार्ग, मिलेगी जाम से मुक्ति

- 200 मीटर लंबी, 30 फीट चौड़े अतिक्रमण हटाकर मार्ग की साफ-सफाई की गई, सड़क का मरम्मत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम के महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी का चरणबद्ध तरीके से विकास हो रहा है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है। विकास कार्यों के लिए राजधानी से पैसा सीधे धमतरी आ रहा है। महापौर स्वयं कहते हैं कि जनता के कहने मात्र से ही काम होगा। जनता जो चाहेगी वही होगा। धमतरी का ऐतिहासिक विकास होगा।

इसी कड़ी में धमतरी शहर के लिए एक और वैकल्पित बायपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। ताकि शहरवासियों को जाम से मुक्ति मिल सके। नेशनल हाईवे मार्ग महावर धर्मशाला के सामने आईडीबीआई बैंक के बाजू गली को लालबगीचा तूफान चौक तक वैकल्पित बायपास मार्ग के लिए विकसित किया जा रहा है। मार्ग में साफ सफाई कराने और अतिक्रमण हटाने के लिए महापौर रामू रोहरा, उपायुक्त पीसी सार्वा निगम टीम के साथ स्वंय स्पॉट पर पहुंचे थे। 30 फीट चौड़ी और 200 मीटर लंबे इस रास्ते का महापौर और उपायुक्त ने निरीक्षण किया। साफ सफाई करवाया गया। अतिक्रमण हटाया गया। रोड की मरम्मत तत्काल की गई ताकि सायकल सवार, दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहन सहित पैदल यात्री इस मार्ग का उपयोग ट्रेफिक से बचने के लिए कर सके। महापौर ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए शहर के अंदर छोटी-छोटी वैकल्पित बायपास मार्ग बनाया जाएगा ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। यात्री सिहावा चौक तूफान चौक लालबगीचा तक सीधे शार्टकट रास्ते से आवागमन कर सकते हैं। इस रास्ते के खुलने से 4 वार्ड के लोगों को फायदा होगा। वे सीधे सिहावा चौक निकल सकते हैं। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य, पार्षद नरेन्द्र रोहरा, पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र साहू, महेन्द्र खंडेलवाल, लक्ष्मण साहू, निगम टीम प्रमुख सुनील सालुंके व अन्य टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि वैकल्पित बायपास मार्ग के लिए कार्रवाई शुरू कर दिया गया। बुलडोजर की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया। टीम के सदस्यों के द्वारा रास्ते की साफ सफाई की गई। मार्ग का रिपेयरिंग किया गया ताकि लोगों को सुलभ मार्ग मिल सके। मार्ग की चौड़ाई 30 फीट होगी। अब इस मार्ग से फायर ब्रिगेड की गाड़िया, एम्बुलेंस बड़ी वाहन गुजर सकते हैं।

# पीजी कॉलेज में प्रवेश की पहली सूची टंगी हार्ड कापी जमा करने छात्रों की भीड़ उमड़ी

- एडमिशन की प्रक्रिया प्रारंभ : कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में 1370 सीटें रिक्त
- तीन चरण में होंगे एडमिशन, आखिरी चरण 25 जुलाई तक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर के कॉलेज बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। यह सूची मेरिट के आधार पर विवि से आई है। जिसके आधार पर कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की प्रथम सेमेस्टर के लिए एडमिशन लिया जाना है। लिस्ट टंगते ही छात्र-छात्राएं एडमिशन के लिए कॉलेज आना प्रारंभ कर दिए हैं। छात्र पूरी प्रक्रिया अपनाने के बाद फीस जमा करा रहे हैं।

पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने बताया कि 25 जून तक एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया। 26 जून को प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। छात्र-छात्राएं 26 जून से 9 जुलाई तक विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश ले सकते हैं। हार्ड कापी जमा करने तीन अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं।

प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज का एडमिशन तीन चरणों में होगा। पहला चरण 26 जून से जुलाई तक रहेगी। दूसरे चरण में 9 जुलाई से 14 जुलाई तक तथा तीसरे चरण में 15 से 25 जुलाई तक एडमिशन ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में सीटों की संख्या 1370 है, जिसमें बीए 1 में 330, बीएससी गणित में 150, बीएससी जीव विज्ञान में 300, बीएससी आईटी 80, बीएससी गृह विज्ञान 40, बीकॉम में 250, बीकॉम आईटी में 60, बीसीए में 40, डीसीए में 40 सीटें हैं।

एडमिशन के लिए काउंटर में हार्डकापी के साथ शुल्क, 10वीं, 12वीं की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय, निवास प्रमाण पत्र, निःशक्तता प्रमाण पत्र (विकलांग के लिए), माइग्रेशन प्रमाण पत्र (दूसरे राज्य के लिए), आधार कार्ड, बैंक कार्ड पासबुक, एबीसीआई की मूलप्रति व पासपोर्ट साइज 2 फोटो आदि की आवश्यकता होगी।

सूचना पटल पर चस्पा सूची के अनुसार पहली सूची के कट आफ 70 प्रतिशत है। सबसे ज्यादा कट आफ बीसीए में है। ओबीसी वर्ग में 80.40 प्रतिशत, बीएससी बायो में सामान्य कटआफ 75.46 प्रतिशत है। बीएससीआईटी में 78.20, बीए में 72.20 प्रतिशत है। पीजीडीसीए में जनरल 58.54 प्रतिशत, बीएससी गणित में जनरल में 70.40 प्रतिशत है। मेरिट सूची के साथ-साथ वेटिंग लिस्ट भी जारी किया गया है।

## छात्रों ने संस्कृत भाषा बोलना व पढ़ना सीखा

**जीजामगांव।** संस्कृत महाविद्यालय रायपुर के दो छात्राध्यापक रौनक श्रीवास्तव एवं संस्कृति साहू ने सरस्वती शिशुमंदिर चटौद में सप्त दिवसीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला रखी। कार्यशाला में छात्रों ने संस्कृत भाषा बोलना व पढ़ना सीखा। समापन अवसर के अतिथि संस्कृत भाषा के प्रांत प्रमुख हेमन्त साहू थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत बहुत ही सरल भाषा है। भारत में सभी वेद, पुराण एवं ग्रंथ इसी भाषा में लिखा गया है। हमें अपने दैनिक जीवन में संस्कृत भाषा बोलना चाहिए।



















